तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 मार्च 2024



**ये है स्मार्ट सड़क :** करोड़ों की लागत से बनी स्मार्ट सड़क अब स्मार्ट नहीं रही। यहां बैठने के लिए लगी कुर्सियां टूट चुकी है।



## एडवोकेट वानखेड़े यूजीसी के स्टैंडिंग काउंसिल बने हाईकोर्ट में रखेंगे पक्ष



**बिलासपुर।** एडवोकेट धीरज वानखेड़े को यूजीसी का स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त किया गया है। यूजीसी के अवर सचिव प्रशासन डॉ. वी जयप्रकाश ने शुक्रवार को नियुक्ति आदेश जारी किया है। पत्र के अनुसार वे बिलासपुर हाईकोर्ट में यूजीसी से संबंधित मामलों में पैरवी करेंगे।

# दो गुटखा व्यापारियों की दुकानों और गोदामों पर जीएसटी का छापा, डेढ़ करोड़ की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट जीएसटी की टीम ने बिलासपुर के दो गुटखा व्यापारियों के दुकानों और गोदामों पर छापा मारा है। पूरी कार्रवाई टैक्स चोरी को लेकर की गई है। इसमें डीलरों से डेढ़ करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है तो मैन्फेक्चरर कंपनियों पर टैक्स चोरी की गणना देर रात तक जारी थी। जीएसटी की यह कार्रवाई राजश्री, विमल, पान बहार, पान पराग, रंजनीगंधा, पान राज गुटखा व्यवसायियों पर की गयी है। जानकारी के अनुसार स्टेट जीएसटी की इस कार्रवाई में बिलासपुर डीविजन एक और दो की कुल टीमें शामिल थीं। दोनों कंपियों के गोदामों को सील कर दिया गया है।

जीएसटी के स्पेशल कमिश्नर टीएल ध्रुव के मुताबिक छापामार कार्रवाई टैक्स चोरी की लगातार मिल रही शिकायत के बाद की गयी है। बिलासपुर में जीएसटी टीम ने सिरगिट्टी केपी सुगन्ध फर्म और के पान सुगंध में यह कार्रवाई की है। दोनों व्यापारी पान मसाला और गुटका के बड़े डीलर है। इसके साथ ही मेन्यूफैक्चरर कंपनियों राजश्री, विमल, पान बहार, पान पराग, रंजनीगंधा बनाने वालों पर टैक्स चोरी की गणना की जा रही है। जीएसटी की यह कार्रवाई शुक्रवार रात से शुरू हुई। रायपुर की एक टीएम पहुंची, जिसमें 4 अधिकारी थे। इसके बाद बिलासपुर से इस कार्रवाई में बिलासपुर डीविजन एक और दो की कुल टीमें शामिल थीं। इसमें 11 अधिकारी शामिल थे। टीम ने सिरगिट्टी पहुंचकर दुकानों और गोदामों को अपने कब्जे में ले लिया और कार्रवाई शुरू। बताया जा रहा है कि दोनों कंपनियों ने पिछले तीन सालों में कम टैक्स का भुगतान किया और फर्जी बिल के सहारे इनपुट का लाभ भी ले रहे थे।

**मेन्यूफेक्चरर कंपनियों पर टैक्स चोरी की गणना देर रात तक जारी रही**



**बिना बिल का बड़ी मात्रा में स्टाक पाया गया :** जीएसटी के अधिकारियों ने बताया कि इस छापा मार कार्रवाई में करोड़ों की टैक्स चोरी का मामला और सामने आ सकता है। सिरगिट्टी में संचालित उत्पादन ईकाई तम्बाकू और पान मसाला यूनिट में खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। एक जीएसटी अधिकारी ने बताया कि गुटखा व्यापारी के गोदाम में बिना जर्दायुक्त गुटखा का स्टाक काफी बड़ी मात्रा में पाया गया, लेकिन वो बिना बिल के था। इससे साफ है कि यहां बड़ी जीएसटी चोरी हो रही थी। इतना ही नहीं यहां पर जर्दायुक्त सितार और अन्य ब्रांड के गुटखे का स्टाक भी पाया गया है।

### बिल और दस्तावेज जब्त

स्टेट जीएसटी की टीम ने मेन दुकान और गोडाउन दोनों जगह मिले बिल और रिकार्ड से संबंधित दस्तावेज को जब्त कर लिया है। टीम ने गोदाम को सील किया है। टीम के अधिकारियों का कहना वो अभी मामले की जांच पड़ताल करेंगे। उसके बाद ही आगे की और कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार अगर कोई भी व्यापारी जांच के दौरान सही नहीं पाया जाता है तो, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। दरअसल लगातार शिकायत मिल रही थी कि गुटखा व्यापारी बड़ी मात्रा में टैक्स की चोरी और स्टाक में बड़ी गड़बड़ी करते हैं, इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रशासन की संयुक्त टीम निकली तो एक जेसीबी सहित 6 ट्रैक्टर जब्त



अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर एक जेसीबी सहित 6 ट्रैक्टर खनिज विभाग ने किए जब्त।

# रात भर छलनी होता है अरपा का सीना

## कछार, निरतू, घुटकू के रेत घाट पहुंचे राजस्व, पुलिस व माइनिंग के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम के लिए प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। राजस्व, पुलिस व माइनिंग की संयुक्त टीम द्वारा कछार, निरतू , घुटकू के रेत घाट का रात्रिकालीन गस्त व निरीक्षण किया गया। मौके पर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर एक जेसीबी सहित 6 ट्रैक्टर जब्त कर कोनी थाने में रखा गया है। इस टीम में एसडीएम बिलासपुर पीयूष तिवारी, सीएसपी सिद्धार्थ बघेल, खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी, तहसीलदार शशिभूषण सोनी, थाना प्रभारी कोनी गोपाल सतपथी उपस्थिति थे।

अरपा से खनिज माफिया द्वारा रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही है। इससे राजस्व का चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इक्का दुक्का कार्रवाई होने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं और मनमानी जारी है। प्रशासन द्वारा गठित टीम भी कभी कभार ही निकलती है। शुक्रवार की रात यह टीम निकली और कछार, निरतु , घुटकू के रेत घाट का रात्रिकालीन गस्त व निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने भी मान लिया कि रात में सेंदरी से लेकर उसके आगे तक रोजाना अरपा का सीना छलनी किया जाता है।

### सुबह से खोदाई, रात में अधिक सक्रिय

हालांकि खनिज विभाग ने पिछले कुछ दिनों में लगातार छापा मारा है। इससे कुछ असर तो ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ा है लेकिन अभी भी कई जगह ऐसे हैं जहां सुबह से खुदाई शुरू कर दी जाती है। ग्रामी सोढ़ा के सूरज तिवारी के मुताबिक रेत माफिया रात में अधिक सक्रिय रहते हैं। गांव के ट्रैक्टर मालिक जंगल क्षेत्र के नदी व नाला से रेत खनन कर परिवहन करते हैं। सुबह चार बजे के बाद काम बंद कर देते हैं। इस दौरान खनिज व राजस्व अमला सक्रिय नहीं रहता है। पुलिस भी मैदान से गायब रहती है।



### कृषि उपकरणों का उत्खनन में उपयोग

सेंदरी, लमेर, कछार, कोनी व मंगला व सरकण्डा, लोधीपारा घाट से खुलेआम रेत उत्खनन किया जा रहा है। तो बेलगहना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा, लारीपारा, पोड़ी और बिल्लीबंद क्षेत्र में दिन रात ट्रैक्टर और हाइवा देखे जा सकते हैं। इन सभी जगहों पर ट्रैक्टर की खरीदी रेत निकालने के लिए ही की गई है। कृषि विभाग से कृषि के नाम पर ट्रैक्टर खरीद कर माफिया खनन कार्य में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। चाहे दिन हो या रात नदियों में नजर आ रहे हैं।

### प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित इसके बाद भी खनन

गौरतलब है कि खनिज विभाग ने अरपा नदी में सेंदरी, कोनी, मंगला, घुटकू, निरतू, कछार, लोफंदी, तुर्काडीह को अवैध रेत खनन के लिए संवेदनशील मानते हुए रेत उत्खनन प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। इसके बाद भी लगातार खनन जारी है। साथ ही जिले में तीन घाट लक्षनपुर, उदईबंद और अमलडीहा से ही खनन और परिवहन की अनुमति है। इसके बाद भी बंद घाटों से माफिया रेत निकाल रहे हैं। पेंडरवा, घुटकू, मंगला, कोनचरा, मनवा, गोपालपुर, कुकुर्दीकेरा और कुकुर्दीकला रेतघाट बंद है लेकिन इसके बावजूद बगैर कोई अड़चन के रेत घाटों से अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। एक समय में 15 ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत की लोडिंग हो रही है। चोरी के सैकड़ों ट्रक, ट्रैक्टर रेत शहर में बायपास मार्ग से गुजरकर पुल पार करने के बाद सड़क के दोनों ओर तथा मस्तूरी रोड पर लाल खदान ओवरब्रिज के पहले बड़े पैमाने पर डंप किए गए हैं।

**अग्निवीर भर्ती रैली**

## 18 हजार युवाओं ने अब तक कराया पंजीयन

**बिलासपुर।** अग्निवीर बनने के लिए जिले से 18 हजार से ज्यादा युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह आंकड़ा अब तक की भर्ती रैलियों की तुलना में अधिक है। युवाओं में इस बार भर्ती रैली को लेकर उत्साह है। इस बात का अंदाजा रजिस्ट्रेशन के आकड़ों से लगाया जा सकता है। जिले के शिक्षाविद् व सेना भर्ती के लिए युवाओं की तैयारी करा रहे कमांडर संदीप मुरारका (रिटायर्ड) ने बताया कि पिछली बार अग्निवीर के लिए 11 हजार 500 उम्मीदवारों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से प्रारंभिक परीक्षा, फिजिकल, मेडिकल आदि टेस्ट पास कर 876 उम्मीदवारों का चयन सेना में हुआ है। ऐसे में यह आंकड़ा 20 हजार से अधिक होने का अनुमान है। 20 हजार रजिस्ट्रेशन हुआ तो 2000 पदों पर भर्तियां होंगी। प्रदेश में इस साल अग्निवीर के लिए युवाओं के बीच प्रचार-प्रसार के अभाव के बावजूद रजिस्ट्रेशन अधिक हुए हैं। भर्ती की घोषणा के बाद डिप्टी सीएम ने सभी जिलों को लक्ष्य जारी किया था। इसके लिए राज्य स्तर पर शिक्षा के विभाग के सचिव जिला स्तर डीईओ, तहसीलों में बीईओ आदि जुट गए थे। ऐसे में यदि इस बार रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 20 हजार के पार हुआ तो दो हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां होंगी।



## प्रदेश प्रभारी के स्वागत में लगवाया बैनर पोस्टर, कांग्रेस नेता के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के स्वागत में प्रदेश महासचिव महेन्द्र गंगोत्री ने इलेक्ट्रिक पोल पर बैनर लगवा दिया था। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। नगर निगम जोन कमिश्नर की रिपोर्ट पर पुलिस ने कांग्रेस नेता गंगोत्री के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- प्रदेश में आचार संहिता के उल्लंघन का पहला मामला जिले में हुआ दर्ज

गुरूवार व शुक्रवार को जिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट जिले के प्रवास पर थे, वे जांजगीर से बिलासपुर आए थे। उनके शहर आगमन पर दयालबंद निवासी प्रदेश कांग्रेस महासचिव महेन्द्र गंगोत्री ने अलग अलग जगहों पर बैनर पोस्टर लगवाया था। वहीं रेलवे क्षेत्र के सड़क किनारे इलेक्ट्रिक पोल पर भी बैनर पोस्टर लगवा दिया था। बैनर पोस्टर में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की तस्वीर लगाई गई थी। लोकसभा चुनाव के लिए लगे आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान शासकीय इलेक्ट्रिक पोल पर बैनर पोस्टर लगाने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया। नगर निगम की टीम के द्वारा बैनर पोस्टर हटाया गया था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम जोन कमिश्नर प्रमोद दुबे ने घटना की रिपोर्ट तोरवा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर महेन्द्र गंगोत्री के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### प्रदेश में पहला मामला

लोकसभा चुनाव के लिए लागू आचार संहिता के दौरान कांग्रेस नेता पर जुर्म दर्ज करने का यह प्रदेश में पहला मामला है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम जगह जगह पर चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच कर रही है। बिना अनुमति के रैली धरना प्रर्दशन पर रोक लगाई गई है।




# 10 दिन बाद भी रेगुलर नहीं हो सकी जबलपुर की फ्लाइट, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर के पास फ्लाइट की कमी होने के चलते बिलासपुर से जबलपुर की फ्लाइट पिछले 10 दिनों से बंद है, ऐसे में यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। होली जैसा बड़ा त्योहार होने के बाद भी अलायंस एयर ने फ्लाइट शुरू नहीं की है, अब हालत यह है कि नए समर शेड्यूल के मुताबिक 2 अप्रैल से ही फ्लाइट रेगुलर हो सकेगी।

- अलायंस एयर ने फ्लाइट की कमी बताकर रोक दी है फ्लाइट।

चकरभाठा स्थित एयरपोर्ट से प्रयागराज और जबलपुर के लिए अल्टरनेटिव दिनों पर फ्लाइट की लैंडिंग और टेकऑफ होता रहा है, यही कारण है कि अब देश के दो महानगरों तक सीधी उड़ान की सुविधा भी मिल चुकी है, लेकिन हाल के दिनों में एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर को फ्लाइट की कमी का सामना करना पड़ रहा है, दरअसल समर शेड्यूल के लिए कई अन्य जगहों से भी फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की जा चुकी है, जिसकी तैयारी एयरलाइन्स कंपनी कर रही है, कंपनी के पास 14 पुराने 72 सीटर फ्लाइट है, जिसके दम पर ही पूरे देश में अपनी सेवाएं देती है, इन फ्लाइटों को मेंटनेंस की जरूरत थी, जिसके चलते फ्लाइट कैंसिल है। 14 मार्च से जबलपुर की फ्लाइट बंद है, ऐसे में महज प्रयागराज की फ्लाइट ही बिलासा एयरपोर्ट पहुंचती है, उम्मीद थी की 24 मार्च से फ्लाइट रेगुलर कर दी जाएंगी, इसी बीच समर शेड्यूल की घोषणा के बाद कंपनी ने फ्लाइट रेगुलर नहीं की है।

### बुधवार और रविवार को मिलेगी सुविधा

बिलासपुर से जबलपुर जाने वाले यात्रियों को बुध और रविवार को फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट से मिल सकेगी। समर शेड्यूल के अनुसार इन्हीं दो दिनों में फ्लाइट सीधे जबलपुर जाएगी, वहीं मंगलवार को फ्लाइट जबलपुर से बिलासपुर आएगी, लेकिन यह प्रयागराज और दिल्ली होते हुए वापस जाएगी। फ्लाइट की कमी अभी भी एयरलाइन्स कंपनी में बनी हुई है, मेंटनेंस में लगी फ्लाइट को अगले 10 दिनों में दुरूस्त कर लिया जाएगा।

### मिलेगी फ्लाइट की सुविधा

कंपनी के पास कुछ दिक्कतें होंगी, जिसके चलते फ्लाइट रेगुलर नहीं है, समर शेड्यूल में नया टेबल आया है, जिसके अनुसार फ्लाइट की सुविधा मिलेगी।

- **एनबी सिंह,** डायरेक्टर बिलासपुर एयरपोर्ट

**अलायंस एयर करे शेड्यूल में बदलाव**

## मंगल और गुरूवार को दिल्ली के लिए 2 फ्लाइट

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने समर शेड्यूल को लेकर जारी किए गए फ्लाइट के रूट और दिन पर आपत्ति जताई है। समिति का कहना है कि अलायंस एयर को मिले शेड्यूल में बदलाव की जरूरती है। पूर्व में दिल्ली के लिए जबलपुर -प्रयागराज होकर सप्ताह में 7 दिन फ्लाईट उपलब्धता थी, लेकिन नये शेड्यूल में मंगल और गुरूवार को दिल्ली के लिए दो उड़ान की व्यवस्था है, जबकि सोमवार और शुक्रवार किसी भी फ्लाइट का आपरेशन नहीं किया जा रहा है। समिति ने कहा कि कम से कम प्रतिदिन एक उड़ान दिल्ली के लिए उपलब्ध हो सके। सदस्यों ने बताया कि पहले बिलासपुर से सप्ताह में चार दिन जबलपुर और चार दिन प्रयागराज की उड़ान उपलब्ध रहती थी, नये शेड्यूल में इसे घटाकर सप्ताह में केवल दो दिन कर दिया गया है। जबलपुर और प्रयागराज दोनों शहरों के लिए रायपुर से उड़ान नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री बिलासपुर एयरपोर्ट से यात्रा कर रहे हैं। अतः जबलपुर और प्रयागराज के लिए सप्ताह में कम से कम चार दिन उड़ान होना की जरूरत है। इस दौरान तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह, चित्रकांत श्रीवास, राकेश शर्मा, मोहन जायसवाल, कृष्णा मुरारी दुबे, अनिल गुलहरे, महेश दुबे, मनोज तिवारी, समीर अहमद, शाहबाज अली, शाबर अली, अकील अली शामिल थे।

- कंपनी ने किए जबलपुर और प्रयागराज उड़ान के फेरा कम

## खबर संक्षेप

### चीफ जस्टिस सिन्हा ने पीएसओ एक्का को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निज सुरक्षा अधिकारी बेनेदो एक्का 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सहायक सेनानी वीआईपी बटालियन माना रायपुर श्री एक्का 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे गत कई वर्षों से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में विभिन्न समयावधि में पदासीन रहे। वे मुख्य न्यायाधीश के निज सुरक्षा अधिकारी के रूप में अपने सेवाएं दे रहे हैं।

### ट्रेड यूनियन कौंसिल ने मनाया भगत सिंह का शहादत दिवस



**बिलासपुर।** ट्रेड यूनियन कौंसिल बिलासपुर और भारत की जनवादी नौजवान सभा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 23 मार्च को जगमल चौक पर शहीद- ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष एवं बलिदान पर प्रकाश डाला। भगत सिंह के व्यक्तित्व में जलियावाला बाग कांड से आए बदलाव, हिंदुस्तान रिपब्लिक सोशलिस्ट एसोसिएशन की स्थापना एवं लाला लाजपत राय के हत्यारे सांडर्स का वध तथा आत्म बलिदान के लिए असेंबली में बम फेंकने की घटना सहित कई घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। वर्तमान समय में युवाओं को शहिद-ए आजम भगत सिंह के त्याग एवं कुर्बानी से प्रेरणा लेने की बात कही। वक्ताओं ने वर्तमान समय में भगत सिंह के विचारों को सर्वाधिक प्रासंगिक बताया। आज की सभा को नंद कश्यप, राजेश शर्मा, महेश श्रीवास, लालन सिंह, एच के मेघमाला, श्याम मूरत कौशिक, एस के जैन, आर मुखोपाध्याय, विक्रम शर्मा, एसके चट्टोपाध्याय. रवि श्रीवास, सुखऊ निषाद, शंकर यादव, पवन शर्मा आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन राजेश शर्मा एवं अध्यक्षता पवन शर्मा ने किया। सभा में घनश्याम रजक, तेजू चौहान, महेश सहित अनेक साथी मौजूद थे।

### कायस्थ समाज का चुनाव 29 को मैदान में उतरे तीन प्रत्याशी

**बिलासपुर।** कायस्थ समाज बिलासपुर के अध्यक्ष पद के लिए 29 मार्च को चुनाव होगा। चित्रगुप्त मंगल भवन इमलीपारा में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। कायस्थ समाज बिलासपुर के निर्वाचन अधिकारी विजय किशोर वर्मा ने बताया कि समाज में वर्ष 2024-26 के लिए अध्यक्ष पद निर्वाचन की प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ है। तीन प्रत्याशियों की अंतिम सूची तथा प्रतीक चिन्ह की घोषणा की गई है। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी आलोक वर्मा को कमल दवात, गजेन्द्र श्रीवास्तव को खुली किताब तथा सुरेन्द्र वर्मा को मोर पंख प्रतीक चिन्ह दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी केके वर्मा, अनिल वर्मा, प्रदीप खरे, अनुराग श्रीवास्तव ने समाज के सभी सदस्यों से मतदान करने की अपील की है।

### अखंड नवधा रामायण 27 से भक्त निकालेंगे कलश यात्रा

**बिलासपुर।** अखंड नवधा रामायण ग्राम परसदा (परसौड़ी) में 27 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। कथा का समापन 5 अप्रैल को एवं हवन सहस्त्रधारा पूर्णाहुति 6 अप्रैल को होगा। अखंड



नवधा रामायण समिति के काशी केंवट ने बताया कि यह अखंड नवधा रामायण पौसरा लखराम रोड स्थित ग्राम पंचायत परसदा परसौड़ी कथा स्थल बजरंग चौक गोड़पारा में 27 मार्च से नवधा रामायण प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में बाहर से मानस मंडली, प्रवचनकार, भजन गायक व वाद्यकार को आमंत्रित किया गया है। अखंड नवधा रामायण के आचार्य कन्हैया लाल मिश्र अकलतरी वाले अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान कराएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गोरे लाल केवट, हरवंश केवट, कीर्ति केवट, कृष्ण कुमार, अनिल केवट, राजू लाल केवट, रामकुमार केवट, संतराम आदि सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

**होली पर पुलिस, बिजली और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर** | प्रतिबंधित रंगों से बचने की सलाह, नशे से दूर रहने की हिदायत

# पुलिस का फ्लैग मार्च, ड्रोन कैमरे से हुड़दंगियों पर रखी जाएगी नजर

**बिलासपुर।** इस बार होली की आड़ में हुड़दंग, चाकूबाजी, गुंडागर्दी करने वालों की खैर नहीं होगी। तीसरी नजर तीन ड्रोन कैमरे से पूरे शहर में नजर रखी जाएगी। त्वरित कार्रवाई के लिए 40 पेट्रोलिंग व 7 बाइक पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पाटी रिस्पांस टाइम पहुंचकर कार्रवाई करेंगी।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शुक्रवार की रात एडीशनल एसपी उमेश कश्यप के नेतृत्व में राजपत्रित अधिकारी, थानेदारों ने बल के साथ पुलिस गाड़ी में सायरन बजाते हुए शहर के प्रमुख बाजारों का भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया गया है। इस दौरान अनाउंसमेंट के माध्यम से उचित आचरण व व्यवहार के साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए आग्रह किया गया। किसी भी तरह का नशा का सेवन न करने की हिदायत दी गई। दुकानदारों को मुखौटा नहीं बेचने व प्रतिबंधित रंगों को नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गई है।



होली की खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़।

## बिजली तारों के नीचे होलिका दहन, होगी कार्रवाई

बिजली विभाग के अधिकारियों ने आम जन से बिजली के केबल और तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने की अपील की है, वहीं ऐसी होलिका के संबंध में फ्यूल कॉल सेंटर और संबंधित जोन अधिकारियों को तत्काल सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं असामाजिक तत्वों के द्वारा जानबुझकर किए जाने वाले कृत्य के लिए सीधे कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए है। संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाना को भी रिपोर्ट की जा सकेगी।

### अलर्ट रहने कहा गया

हमारी अपील है कि होलिका दहन के दौरान बिजली तारों का ख्याल रखा जाए, तारों के नीचे दहन का कार्यक्रम नहीं किया जाए। वहीं होली खेलते हुए कपड़ों को बेवजह बिजली तारों में ना फेंका जाए,इससे बिजली बंद की समस्या आती है। जेई और एई को खास तौर पर अलर्ट रहने कहा गया है।

-**पीवीएस राजकुमार**, ईई, तोरवा

### डाक्टरों की लगेगी ड्यूटी, ओपीडी भी

सिम्स और जिला अस्पताल में ओपीडी की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज देने के लिए सिनियर डाक्टरों को कॉल पर मौजूद होने का आदेश दिया गया है। वहीं सिम्स में इसके लिए रोस्टर भी जारी किया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। लगातार छुट्टी होने के कारण मरीजों की सुविधा को देखते हुए आपातकालीन डाक्टरों को मौजूद रहने की हिदायद दी गई है, वहीं गंभीर मरीजों को तत्काल ही सिम्स रिफर करने अस्पताल में ही 24 घंटें एम्बुलेंस की सुविधा होगी। रविवार को कुछ डाक्टरों की टीम ओपीडी में मरीजों का उपचार कर सकेंगे।

अधिकारियों का दावा-होली के बाद मूल्यांकन में आएगी तेजी

# 2200 शिक्षकों की लगी है ड्यूटी, पहले दिन कापियों को जांचने के लिए पहुंचे सिर्फ 390

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन शनिवार से शुरू कर दिया गया। हालांकि पहले दिन कम ही शिक्षक पहुंचे और दोनों केन्द्रों को मिलाकर 1317 कापियां ही जांची जा सकी हैं। इसमें एमएलबी स्कूल सेंटर में हायर सेंकेडरी स्कूल के 37 शिक्षक पहुंचे और उन्होंने 149 कापियां जांची। इसी तरह दसवीं में 122 शिक्षक पहुंचे और 522 कापियों का मूल्यांकन किया। इसी तरह मल्टीपरपस स्कूल सेंटर में 116 शिक्षकों ने 12 वीं की 388 कापियों का मुल्यांकन किया। इसी तरह 115 शिक्षकों ने 10 वीं की 318 कापियों की जांच की।

बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन 23 फरवरी से शुरू हो गया है। इसके लिए जिले में दो सेंटर मल्टीपरपस स्कूल और एमएलबी स्कूल को बनाया गया है। इस बार 2200 शिक्षकों की कॉपी जांचने के लिए ड्यूटी लगाई गई है,पहले दिन 390 शिक्षक ही पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि कई मूल्यांकनकर्ता अभी स्कूलों से रिलीन नहीं हुए है इसलिए पहुंच नहीं सके हैं। होली के बाद मूल्यांकन के काम में और तेजी आएगी।



मूल्यांकन के लिए उत्तरकापियों का वितरण करते अधिकारी।

### होली के बाद कॉपी जांचने में आएगी तेजी

बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन 23 फरवरी से शुरू हो गया है। इसके लिए जिले में दो सेंटर मल्टीपरपस स्कूल और एमएलबी स्कूल को बनाया गया है। इस बार 2200 शिक्षकों की कॉपी जांचने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। होली के बाद कापियों के मूल्यांकन में और तेजी आएगी।

- **श्रीमती संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी, माशिमं

### 1.30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं की होगी जांच

जिले के छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिका दूसरे जिलों में भेजी गई है। इसी तरह दूसरे जिले से बिलासपुर में भी उत्तर पुस्तिका पहुंच गई है। 23 से 30 मार्च तक पहले चरण में 1.30 लाख उत्तर पुस्तिका की जांच होगी। इसके बाद 31 मार्च से दूसरे चरण का मूल्यांकन होगा। 10 अप्रैल तक कॉपी जांचने का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसलिए जिन कक्षों में मूल्यांकन कार्य होगा, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं। परिसर में पुलिस का पहरा भी रहेगा। मल्टीपरपज स्कूल में इस बार कक्षा 10वीं की 51 हजार और12वीं की 35 हजार कापियां पहुंच गई हैं। वहीं महारानी लक्ष्मीबाईस्कूल में 50 हजार कापियों की जांच की जाएगी। कॉपी जांचने के दौरान स्कूल के अंदर किसी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। ज्ञात हो कि छग बोर्ड में इस साल जिले से 10 वीं की परीक्षा में 23670 परीक्षार्थी और 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 18839 छात्र शामिल हुए हैं।

## कालेजों में परीक्षा: सात नकलची पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों की मुख्य परीक्षा शुरू हुए दूसरा सप्ताह चल रहा है और अभी तक सात नकल प्रकरण बनाए गए हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से नकल की रोकथाम के लिए तीन उड़नदस्ता का गठन किया गया है, जिसमें एक केन्द्रीय उड़नदस्ता भी शामिल है।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों की मुख्य परीक्षा 15 मार्च से शुरू हुई है और 72 परीक्षा केन्द्रों में तीन शिफ्टों में परीक्षाएं चल रही हैं। इस बार मुख्य परीक्षा में 1 लाख 5 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से नकल की रोकथाम के लिए तीन उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न कालेजों में जाकर जांच की जा रही है और परीक्षा में नकल को लेकर कड़ाई बरती जा रही है। इसके पूर्व नकल का मामला सामने आने पर परीक्षा केन्द्र निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई थी। इसलिए परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश दौरान ही अच्छे से उनकी जांच करने कहा गया है, ताकि नकल की गुंजाइश न रहे। इसके अलावा कालेजों में सीसी टीवी कैमरे की रिकार्डिंग भी देखी जा रही है। अभी तक शासकीय ईवीपीजी कालेज कोरबा, कमला नेहरू कालेज सहित कुछ और कालेजों को मिलाकर सात नकल प्रकरण बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा मुख्य परीक्षा के दौरान अभी तक प्रश्न पत्रों की लेटलतीफी, सिलेबस से बाहर प्रश्न जैसी कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

## चेट्रीचंड में बंटेगी झूलेलाल की मूर्ति खरीददारी पर मिलेगी छूट: बजाज



**बिलासपुर।** सिंधी युवक समिति 10 अप्रैल बुधवार को सिंधी समाज के नव वर्ष झूलेलाल जयंती पर चेट्रीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाएगी। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार सिंधी समाज का नव वर्ष जिंदपीर लालसाई भगवान झूलेलाल की जयंती पर एक भव्य शोभायात्रा निकालेगी। वहीं समाज के हर एक संस्थान, कारोबार, दुकानों में लालसाई झूलेलाल की एक आकर्षण मूर्ति वितरित की जाएगी। सिंधी समाज के व्यवसायी खरीदारी पर ग्राहकों को विशेष छूट देंगे। भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा सतरंगी झांकियों के साथ सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार से निकलकर बंधवापारा, गुरुनानक चौक, तोरवा नाका, जगमल चौक होते हुए दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, प्रताप चौक पुराने पुल से सरकंडा होते हुए नए पुल से नेहरू चौक, हेमू कलानी चौक, जरहाभाटा के रास्ते से सिंधी कॉलोनी (भक्त कंवरराम नगर) में विसर्जित होगी। इस दिन सिंधी समाज के हर एक घर में ज्योत जलेगी। इस दिन चारों तरफ आयोलाल झूलेलाल की गूंज गूंजेंगी ।

चेट्रीचंड महोत्सव को सफल बनाने में पूज्य सिंधी सेंट्रल महापंचायत के अध्यक्ष शिव कुमार धामेचा, समिति के अध्यक्ष अजीत थावरानी, अशोक बजाज, अमर बजाज, मनोहरलाल खटवानी, किशोर कृपलानी, श्याम थावरानी, झामनदास चेतानी, मनीष गुरबानी, हीरानंद छुगानी, खुशालदास वाधवानी, भगवान दास भोजवानी, मोती थावरानी, मुरली वाधवानी, राजकुमार बजाज, राजेश श्यामनानी, दिलीप थारवानी, मनीष लाहोरनी, विजय चंदवानी, तरुण श्यामदासानी, हरीश थावरानी, मनोहर मेहरचंदानी, भरत मंगवानी इत्यादि सहित समिति के सदस्य लगे हुए हैं

# अवकाश के दिन सवा करोड़ की रजिस्ट्री आज व कल बंद रहेगा पंजीयन कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार अवकाश के दिन पंजीयन कार्यालय खुला रहा और जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही। शाम करीब 7 बजे तक पंजीयन कार्यालय में काम चलता और 71 लोगों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाई। इससे एक ही दिन में पंजीयन विभाग को 1 करोड़ 30 लाख 71 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं होली त्यौहार के चलते रविवार-सोमवार को पंजीयन कार्यालय बंद रहेगा।

शासन के निर्देश पर शनिवार को अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा, जिसके चलते पंजीयन कार्यालय सहित पुराने कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में छुट्टी के दिन भी चहल-पहल रही। छुट्टी के दिन पंजीयन कार्य होने के कारण कंपोजिट परिसर में स्टांप वेंडर, दस्तावेज लेखक, कंप्यूटर व टायपिंग दुकान खुले रहे और उनके पास काम लेकर पक्षकार भी पहुंचे थे। इसी तरह पंजीयन कार्यालय में भी आज जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़भाड़ रही। आज 71 लोगों ने जमीन की रजिस्ट्री कराई है और रात 7 बजे तक पंजीयन कार्यालय में कामकाज चलता रहा। जमीन की रजिस्ट्री से आज एक ही दिन में पंजीयन विभाग को 1 करोड़ 30 लाख 71 हजार रुपए का राजस्व बिलासपुर पंजीयन कार्यालय से प्राप्त हुआ है। आमतौर पर इतनी संख्या में रजिस्ट्री एवं उससे आय वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में सामान्य दिनों में होता है। लेकिन अवकाश के दिन रजिस्ट्री की सुविधा मिलने से लोग अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे।



शनिवार को जमीन की रजिस्ट्री कराने पंजीयन कार्यालय पहुंचे लोगों की भीड़।

### दो दिन बंद रहेगा कार्यालय

शासन के निर्देश पर वित्तीय वर्ष के समाप्ति को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुल रहा है और रजिस्ट्री कार्य हो रहा है। लोग जमीन रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे हैं, जिससे विभाग को राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। लेकिन होली त्यौहार के चलते इस रविवार और सोमवार को पंजीयन कार्यालय बंद रहेगा।

-**आशू अग्रवाल**, जिला पंजीयक

शोक संदेश



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पत्नी
स्व. श्रीमती प्रेमवती मिश्रा
का आकस्मिक निधन दिनांक 14/03/2024, दिन- गुरूवार को हो गया है, जिसका तेरहवीं कार्यक्रम दिनांक 27/03/2024, दिन-बुधवार को रखा गया है। अतः इस शोक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मृत आत्मा को शांति प्रदान करें ।

तेरहवी - दिनांक 27.03.2024 दिन-बुधवार
समय-दोप. 12 बजे से शाम 5 बजे तक
स्थान- सिंधु पैलेस, बी.टी.आई. ग्राउण्ड के पास, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल:- पी. पी. मिश्रा (पति)
रावेन्द्र मिश्रा (पुत्र) रवि कुमार मिश्रा-सोनल के. मिश्रा (पुत्र-पुत्रवधु)

विनीत : समस्त मिश्रा परिवार, मो. 98271-73491

J.J.Ad

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 24 मार्च 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



2200 शिक्षकों की लगी है ड्यूटी, पहले दिन...

# दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक





## विधि विधान से होगी पूजा

होली की पूजा के साथ ही भगवान नरसिंह की भी विधि-विधान से पूजा की जाएगी और फिर होलिका के चारों ओर सात बार परिक्रमा कर उसमें मिठाइयां और फल चढ़ाए जाएंगे। ऐसा करना शुभ माना जाता है।

## डीजे की धुन और पानी के फव्वारे के साथ मनेगी होली

होली का पर्व मनाने शहर में भी जोर-शोर से तैयारी की गई है। शहर में गोलबाजार, सरकंडा सहित तमाम जगहों पर इस पर्व को मनाया जाएगा। पानी के फव्वारे के साथ डीजे की धुन पर यहां लोग थिरकेंगे। इस दौरान सारा माहौल होलियाना हो जाएगा।



# होलिका दहन आज, कल रंगों की होली

बिलासपुर। रंगों का पर्व होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। 24 मार्च रविवार को होलिका दहन होगा। होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है। होलिका के अगले दिन 25 मार्च को होली मनाई जाएगी। होली एक ऐसा पर्व है जिसे पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाती है। होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं और घर जाकर रंग-गुलाल लगा कर पर्व की शुभकामनाएं देते हैं।





## बाजार में जमकर हुई खरीदी

होली पर्व की बाजार में रौनक देखी गई। लोगों ने रंग-गुलाल के साथ बच्चों के लिए पिचकारियां खरीदी। बाजार में होली पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही रंग और गुलाल की दुकानें सज गई थी। होली के सामान की जमकर बिक्री हुई। वहीं गुजिया, नमकीन और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी गई।

### होली के गीतों से झूमते रहे साहित्य प्रेमी

## रामन विवि के होली मिलन में बिखरे रंग, गूंजे फाग



बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय और वनमाली सृजन पीठ में भाग मंडली ने होली के रंग बिखरे,विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव प्राध्यापक एवं वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष सहित साहित्य प्रेमी झूमते रहे, सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली पर्व होली मिलन और फाग का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र वी एक भारत श्रेष्ठ भारत भारत क्लब द्वारा आयोजित किया गया था, इस अवसर पर क्षेत्र की भाग मंडलियों ने लगातार एक से बढ़कर एक फाग की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों और प्राध्यापकों ने एक दूसरे को विश्वविद्यालय में निर्मित हर्बल गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। यह हर्बल गुलाल ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इसी तरह वन माली सृजन पीठ बिलासपुर में भी अभिनंदन होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आज मंडली ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूरे बिलासपुर के साहित्य और रचना प्रेमी ने भाग का आनंद लिया,आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी,इस अवसर पर वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार सतीश जायसवाल, योगेश मिश्रा, राखी श्रीवास, सुनील चिपड़े, उद्घोषिका अनु, अभिषेक तिवारी सहित शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सदा अनंद रहे द्वार मोहन ख्यालै होरी हो...

## कान्यकुब्ज समाज का फाग उत्सव

बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में शनिवार को समाज के अध्यक्ष अंरविद दीक्षित के निवास मित्र विहार में यह उत्सव मनाया गया। फाग की शुरूवात भगवाने के भजनों से प्रारंभ की गई, मोहे नीको न लाग गोकुल माँ मन बसै म्यार वृंदावन में इसी प्रकार शिव व कृष्ण भगवान से फाग किया गया। झांझर व मंजीरा बजाकर उत्साह से यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अमन शुक्ला, सुमित शुक्ला, दिव्यांश तिवारी, कृष्णकांत दुबे सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।





## फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के साथ मनाई होली

श्रुति जनकल्याण फाउंडेशन ने महमंद के शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ रंग गुलाल खेल होली का पर्व मनाया। उन्होंने बताया कि बहुत सुकून का एहसास हुआ। सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे और इस आत्मीय खुशी को शब्दों में वर्णन करना संभव नहीं है। एक छोटी सी कोशिश है किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने की। हम सब तो हमेशा अपने परिवार परिचितों के साथ तो होली मनाते हैं ,लेकिन इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश सफल हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चुन्नी मौर्य,सरबजीत कौर, रीता मौर्य,आरती अनंत, रचना ताम्रकार, मोना बोडखे, पिंकी दीक्षित का सहयोग रहा।

## बुराई पर अच्छाई की जीत



आनंद निकेतन श्रवण बाधित विद्यालय वेयर हाऊस रोड में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष बीना अग्रवाल, सचिव डॉ. सत्यभामा अवस्थी, प्राचार्य शुभना शुक्ला समस्त स्टॉफ एवं बच्चे उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में बच्चे हंसी-खुशी और उमंग के साथ होली के रंग में रंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष, सचिव व प्राचार्य ने सभी बच्चों व स्टॉफ को गुलाल लगाकर होली का महत्व समझाते हुए शुभकामनाएं दीं व अपील की कि इस तरह का सौहाद्र वातावरण हमेशा बना रहे।

### होली पर बिलासा कला मंच का आयोजन




## मूर्खाधिराज बने यादव

होली पर्व में हर साल होलिका दहन की पूर्व संध्या पर हास्य परिहास से भरपूर बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित 31 वां मूर्खाधिराज, अभिषेक, फाग गायन और हास्य-व्यंग्य समारोह राघवेंद्र राव सभा भवन में प्रेम प्रकाश शर्मा महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की अध्यक्षता में, मुख्य आतिथ्य कुलसचिव सी वी रामन विवि कुलसचित गौरव शुक्ला और चेयरमैन रोटरी क्लब विशिष्ट आतिथ्य आशीष अग्रवाल द्वारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर 31 वां मूर्खाधिराज की पदवी से डा. सोमनाथ यादव को नवाजा गया और होली परिधान पहनाकर सम्मानित किया गया,तत्पश्चात उनके व्यक्तिव,कृतित्व पर हास्य परिहास से भरपूर लेखन का वाचन व्यंग्यकार भरत चंदानी ने किया। इस अवसर पर डा सोमनाथ यादव ने कहा कि 30 वर्ष से लगातार मंच ने नगर के विशिष्टजनों को मूर्खाधिराज बनाता रहा है, इस साल मंच के पदाधिकारियों ने मुझे ही मूर्ख बना दिया। डा. सोमनाथ ने इस आयोजन के रोचक किस्से सुनाए और हास्य व्यंग से लोगो को खूब हंसाया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि होली पर्व लोगों के दिल मिलाने का होता है। मुख्य अतिथि गौरव शुक्ला ने कहा कि अब तो हर व्यक्ति अपने को बुद्धिमान मानता है, ऐसे समय मे शहर में कोई एक मूर्ख खोजकर उसे मूर्खाधिराज सम्मान से सम्मानित करना मंच के लिए गौरव की बात है। होली त्यौहार रंगों का त्यौहार है जिसमें सभी रंग एक हो जाते हैं। विशिष्ट अतिथि आशीष अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोककला, लोकसंस्कृति को संरक्षित करने का काम बिलासा कला मंच लगातार करते आ रहा है।

## आनंद सागर सेवा प्रवाह ने मनाई होली

आनंद सागर सेवा प्रवाह एवं महिला सेवा सत्संग समूह गुरु विहार, सरकंडा की महिलाओं ने सफाई मित्रों के साथ, बूढ़ी माई मंदिर, मालिया माता मंदिर, मुक्ति धाम सरकंडा के पिछे, होली मिलन का कार्यक्रम बड़े उल्लास के साथ मनाया। संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ सुषमा पंड्या, प्रत्येक वर्ष समूह की महिलाओं व सफाई मित्रों का सम्मान होली मिलन का कार्यक्रम करती हैं। समूह की महिलाओं के द्वारा होली का त्यौहार मनाने के लिए हर्बल गुलाल का पैकेट, गुझिया, मिठाई, नमकीन, फल भेट किया गया एवं विभिन्न रंगों के गुलाल से होली खेली गई। कार्यक्रम में सुमिता दास गुप्ता एवं कविता शर्मा ने फाग गीत प्रस्तुत किया।




सीमा शुक्ला, रश्मि श्रीवास, चंपा सोनी ने मिठाई का पैकेट एवं गुलाल वितरित किया। मंजुल सिंह एवं ओम श्रीवास ने फल वितरण किया। कार्यक्रम में समूह के संरक्षक बी एल पंड्या उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख सफाई मित्र रीता वाल्मीकि, पूनम, सावित्री, हेमलता, पूजा, गायत्री, शीतल, अंजलि, रीना, रिंकू, आरती, माया, शीलू, शारदा, सुमित्रा, रत्न,शनि, नीरज अमित सागर, संदीप, दिनेश, राव, आनंद, राजू, कोमल, राज,रामवटी ,नम्रता, शशि, नेहा एवं छोटे बच्चे भी उपस्थित थे।

## खेली फूलों की होली

हरिहर ऑक्सीजोन पर्यावरण समिति एवं नागरिक सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ रोगी ब्रम्ह वृद्धाश्रम नवापारा हेमू नगर रेलवे कॉलोनी में फूलों की होली का आयोजन किया गया। आज हरिहर ऑक्सीजोन पर्यावरण महिला विंग व सदस्यों द्वारा आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग व बच्चों फल, बिस्कुट साड़ी एवम टावेल वितरित किया गया। संगीत की धुन पर सभी ने मिलकर फूलों व गुलाल से होली खेली बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिए उनके साथ समय व्यतीत किया गया। उक्त अवसर पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह राजगुरु सुख देव के शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके छाया चित्र में पुष्पांजलि की गई। हरिहर ऑक्सी जोन समिति के संयोजक भुवन वर्मा, अध्यक्ष आरके तावड़कर, महिला विंग अध्यक्ष ममता गुप्ता, सन्तोषी वर्मा, महासचिव गंगा साहू , नम्रता शर्मा आरती रजक, ,रेखा अग्रवाल ज्योति शुक्ला, का विशेष रूप से निलेश मसीह का योगदान सराहनीय रहा। उक्त कार्यक्रम में महेंद्र साहू सभी हरिहर परिवार के सदस्य उपस्थित व सराहनीय योगदान रहा।




### फाग महोत्सव का किया गया आयोजन

## भाईचारा एकता और शांति के साथ मनाएं होली



बिलासपुर। विद्यानगर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया,विधायक अमर अग्रवाल ने फाग महोत्सव में पहुंचकर होली के गीतों का आनंद लिया और रंग गुलाल लगाकर सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमर अग्रवाल ने कहा है कि होली रंगों का त्यौहार है। भाईचारा एकता और शांति के साथ हमें होली पर्व मानना चाहिए। खुशी के इस त्यौहार में भाईचारा और एकता के साथ हम एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हैं। हम सबको शांति के साथ मिलजुल कर इस पर्व को मनाना चाहिए और बिलासपुर की परंपरा और संस्कृति को हमें सहेजना चाहिए। आज बिनोवा नगर विद्यानगर में फाग महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अमरजीत सिंह दुआ, रिंकू मित्रा, धीरेंद्र केसरवानी,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, जुगल अग्रवाल, अजीत भोगल,रामविलास नंदू यादव, प्रशांत स्वामी मूर्ति, महेंद्र मखीजा, आलोक जैन, के अलावा काफी संख्या में बिनोवा नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। अमरजीत सिंह दुआ अभिजीत रिंकू मित्रा, जुगल अग्रवाल आदि ने रंग गुलाल लगाकर सभी को होली पर्व की बधाई दी। नगाड़े की थाप पर लोग झूम उठे, होली के गीतों का महिलाओं ने भी आनंद लिया। काफी संख्या भी में महिलाएं भी फाग महोत्सव में शामिल हुई।

## वर्ल्ड टीबी-डे आज



टीबी जानलेवा बीमारी है लेकिन समय पर और नियमित रूप से इलाज किया जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसलिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। टीबी माइक्रो बैक्ट्रिया ट्यूबर कुलेसिस नाम के जीवाणु से फैलता है, यह बैक्ट्रिया हवा में तेजी से फैलता है। स्वस्थ व्यक्ति के ऐसे मरीजों के आसपास होने से उन्हें भी टीबी होने का खतरा रहता है।

## भूख कम लगना और वजन घटना भी टीबी का लक्षण

**ये है टीबी रोग के लक्षण :** डा. ने बताया कि दो या दो से अधिक सप्ताह तक खांसी का आना टीबी की पहचान है। इसके खांसी के साथ भूख न लगना, वजन में कमी आना, शाम या रात के समय बुखार का उठना। इस तरह के लक्षण होने पर मरीज के टीबी ग्रसित होने की संभावना होती है। बलगम की जांच करवाने से इस बीमारी का पता चलता है।

# जागरूकता और नियमित इलाज से टीबी से मिल रहा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में टीबी के 1700 मरीज हैं, जिसमें 95 प्रतिशत मरीज ठीक हो गए है। शेष सभी मरीजों का नियमित रूप से इलाज जारी है। डॉट्स पद्धति के जरिए टीबी की बीमारी को दूर किया जा सकता है। मरीजों को नियमित रूप से 6 से 8 माह तक दवाई लेनी होती है। इसके बाद मरीज को इस बीमारी से छुटकारा मिल जाता है।

### टीबी दो तरह की होती है, इसे समझना जरूरी

टीबी का पूरा नाम है ट्यूबरकुलोसिस है। इसकी वजह है, शरीर में मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नाम के बैक्टीरिया का संक्रमण होना। यह दो तरह की होती है,जब टीबी का बैक्टीरिया केवल फेफड़ों में संक्रमण फैलाता है तो इसे पल्मोनरी टीबी कहते हैं। इसके मामले सबसे कॉमन हैं। सीने में दर्द और लम्बे समय तक बलगम के साथ खांसी आना इसका सबसे कॉमन लक्षण है। इसके 25 फीसदी मरीजों में लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन, कभी-कभी खांसी के साथ खून आ सकता है। इसे नजरअंदाज न करें। ऐसे मरीजों में फेफड़े का ऊपरी हिस्सा अधिक प्रभावित होता है। एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी जब टीबी का बैक्टीरिया फेफड़े के बाहर संक्रमण फैलाता है तो इसे एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी कहते हैं। आमतौर पर बुखार, रात में पसीना आना, भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं।

### बलगम की जांच जरूर कराएं

जिला टीबी अधिकारी गायत्री बांधी ने बताया कि इस बीमारी के लक्षण नजर आए तो उसे निकट के जांच केंद्र में ले जाकर टीबी की जांच करानी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानीनों को इसकी जानकारी देनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में टीबी का इलाज और दवाइयां निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि लक्षण दिखते ही बलगम जांच जरूर करानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर लीना ने स्कूल के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**जीपीएम।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शनिवार को अपना जन्मदिन प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने मरवाही विकासखंड के दूरस्थ शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेकोटा के बच्चों के साथ केक काटकर उन्हें अपने हाथों से खिलाया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया और स्नेह पूर्वक उनसे बातें की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर खूब पढ़ाई करने कहा। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही दिलेरम डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री, साक्षरता के जिला नोडल मुकेश कोरी, समग्र शिक्षा के जिला नोडल संजय वर्मा, एबीओ लखन लाल जटवार, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक पटेल, तहसीलदार शेषणारायण जायसवाल तथा माध्यमिक एवं प्रथमिक शाला सालहेकोटा के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### अनन्या ने बढ़ाया स्कूल का गौरव

**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम वेदपरसदा स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में अध्यनरत कक्षा आठवीं की छात्रा अनन्या



पाण्डेय वार्षिक परीक्षा परिणाम में 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा अनन्या कक्षा प्रथम से ही हर परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान हासिल करते आ रही है। अनन्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव ने उन्हें सम्मानित किया। अनन्या मल्हार निवासी राकेश पाण्डेय की पुत्री है।


### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**तखतपुर।** शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को नगर के महाराणा प्रताप चौक में दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शहीद को याद किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने अंग्रेजों की छक्के छुड़ा दिए थे और वे भारत माता की सेवा में अपनी प्राण न्यौछावर कर दिए। भाजपा नेता संतोष कश्यप ने कहा कि शहीद राजगुरू बचपन से ही वीर और साहसी व्यक्ति थे। महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानेंद्र देवांगन और अय्युब अंसारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमर कुरैशी एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानेंद्र देवांगन ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, मनीष सोनी, टेकचंद कारड़ा, मुकीम अंसारी, अनुराग यादव, उमेश राजपूत, जितेंद्र ठाकुर, राकेश गोस्वामी, रामावतार साहू, आरपी साहू, अरविंद शर्मा , संजय मेहर, अजय सिंह ठाकुर, विरेंद्र यादव, राकेश मंदानी, अमित मंदानी, ध्रुव तंबोली, सुरेंद्र प्रधान, बिहारी देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### शकुंतला शुक्ला



**बिलासपुर।** आशीर्वाद वैली निवासी, ज्योतिर्गमय आश्रम बलौदाबाजार वाले महराज पंडित प्रकाश शुक्ला की माता श्रीमती शकुंतला शुक्ला का 85 वर्ष की आयु में शनिवार 23 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 24 मार्च को सुबह 10 बजे, बलौदा बाजार स्थित ज्योतिर्गमय आश्रम के पीछे मोक्षधाम में किया जाएगा।

### कमलेश दुबे



**बिलासपुर।** 27 खोली निवासी व आबकारी विभाग में मुख्य आरक्षक कमलेश दुबे का शनिवार 23 मार्च को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम सकरी में 24 मार्च को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे राहुल व अभय दुबे के पिता थे।

### श्रीमती सीता प्रसाद


**बिलासपुर।** सोनगंगा कालोनी निवासी आर प्रसाद 'सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी एसईसीएल' की पत्नी श्रीमती सीता प्रसाद का निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके आवास से सुबह 11 बजे देवकीनंदन दीक्षित श्मशान घाट सरकंडा के लिए निकलेगी।

### शरदचंद्र शर्मा



**तखतपुर।** ब्लाक कालोनी निवासी सेवानिवृत शिक्षक शरद चंद्र पाण्डेय (नंदेली वाले) का 23 मार्च को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मार्च को सुबह 9.30 बजे ब्लाक कालोनी निवास से तखतपुर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। ये संतोष, सुजीत, संगीता के पिता और सुबोध के चाचा थे।

### बुधराम कौशिक



**सकरी।** ग्राम बेलमुंडी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भूतपूर्व सरपंच बुधराम कौशिक का 23 मार्च को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप कौशिक, रामकुमार कौशिक सरपंच बेलमुंडी एवं शिवकुमार कौशिक के पिता थे।

### बाजार में आई 5 से लेकर 5 सौ रुपए तक की पिचकारी

# रंग-गुलाल से सजा बाजार, उमड़ी ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

होली पर्व को एक दिन ही शेष रह गए है। इस बीच पर्व को लेकर लोग पूरी तरह से शबाब में है। बाजार में पिचकारियों से लेकर रंग गुलाल से दुकाने अटी पड़ी है। रंग गुलाल की खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। स्कूल एवं शासकीय कार्यालयों में भी होली का रंग नजर आने लगा।

पर्व के लिए पूजा सामग्री से लेकर रंग गुलाल खरीदने का क्रम शुक्रवार से ही दिखने लगा। ग्राहकी बढ़ने के साथ ही इन दिनों बाजार में ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ने लगा है। जानकारी अनुसार 25 मार्च को होली पर्व है, एक दिन पहले देर रात होलिका दहन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है। कई सामाजिक संस्थानों ने भी होली सहित फाग आदि कार्यक्रम के आयोजन में लगे हुए हैं। आधुनिक दौर में कम होती पुरानी परंपरा के संबंध में भाजपा के पूर्व एल्डरमेन संजय वर्मा बताते है कि पूर्व में परदेशी फाग सहित नगर के चार-पांच प्रमुख स्थानों पर एक सप्ताह पूर्व से ही नंगाड़ों एवं ढ़ोलक की थाप गूंजने लगती थी। लेकिन समय के अनुसार पुरानी परंपरा आधुनिक दौर में सिमट सी गई है। गांव में पर्व के एक माह पहले ही माहौल बन जाया करता था। लेकिन इन दिनों सिर्फ पर्व के दिन ही लोग जुटते है। बहरहाल इस बार व्यापारियों में बाजार को लेकर बेहद उम्मीदे टिकी है। छोटा भीम सहित कार्टून का मुखौटा आकर्षित कर रहा है।



रंग गुलाल की दुकाने सजी।

### लोगों में दिख रहा उत्साह

**जरहागांव।** आसपास के गांव के केंद्र बिंदु माने जाने वाले जरहागांव में हरेक पर्व में खरीददारी के लिए बाजार सजी रहती है। इस वर्ष होली पर्व के अवसर पर सजी स्टालों व लोगों की भीड़ को देखकर प्रतीत हो रहा है कि होली पर्व को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है। रविवार रात होलिका दहन तथा सोमवार को रंग गुलाल से लोग सराबोर होंगे। जरहागांव आसपास के अनेक गांव के केंद्र होने के कारण बस स्टैंड पर काफी भीड़ देखने को मिला, स्टालों में रंग, गुलाल, पिचकारी, नकली बाल तरह तरह की आवाज निकालने वाली यंत्र स्टालों में सजाई गई है। संतोष जायसवाल ने बताया कि विगत वर्ष के अलावा इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह दिख रहा है। गांव से खरीददारी करने लोग पहुंच रहे हैं। नगर अध्यक्ष धीर सिह बंजारे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शांति पूर्ण होली मनाने लोगों से अपील की गई है। थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि शासन के निर्देश व आचार संहिता की गाइड लाइन का पालन कराने नगरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी ली जा रही है ताकि होली पर्व शांति से मनाया जा सके।

## होलिका दहन की रात भद्रा का साया, शुभ मुहूर्त में जलाएं होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिंदू धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, होलिका दहन शुभ मुहूर्त में किया जाता है। होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को भद्रा रहित प्रदोष काल मुहूर्त में करने का विधान है, लेकिन जब भद्रा लगा होता है तो होलिका दहन नहीं किया जाता है। इस साल होलिका दहन का सही समय क्या है?



इस संबंध में रतनपुर के सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर के ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि 24 मार्च रविवार को रात में 10:28 बजे भद्रा खत्म होगी, उसके बाद आप होलिका दहन कर सकते हैं। इस वर्ष 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए शुभ मुहूर्त देर रात 11:13 बजे से लेकर 12:27 मिनट तक रहेगा।ऐसे में होलिका दहन के लिए आपको कुल 1 घंटे 14 मिनट का समय मिलेगा। रविवार को जब आप होलिका दहन करें, तो उस समय 'ॐ होलिकायै नमः' मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

### होलिका दहन की विधिः

होलिका दहन वाले दिन शुभ मुहूर्त में होलिका के पास एक कलश स्थापित करें। ये कलश दक्षिण दिशा में रखें उसके बाद पंच देवताओं की पूजा करें। अब होलिका का मंत्र का जाप करते हुए पूजा करें। इस दौरान भक्त प्रह्लाद और भगवान हिरण्यकश्यप की भी पूजा करें। उसके बाद होलिका की 7 बार परिक्रमा करें और परिक्रमा के दौरान ही उसमें कच्चा सूत लपेट दें। उसके बाद नारियल, जल और अन्य पूजा सामग्री होलिका को अर्पित करें। अब होलिका दहन करें। मान्यता है कि होलिका की अग्नि में गेहूं की बालियां सेंककर खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने जीपीएम पुलिस का फ्लैग मार्च

**पेंड्रा।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्याम कुमार सिदार, थाना प्रभारी गौरेला, पेंड्रा एवं पुलिस बल के साथ गौरेला एवं पेंड्रा के मुख्यमार्ग व भीड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाएं पर जबरदस्ती किसी के ऊपर रंग न डालें, किसी प्रकार से विवाद न करें। शराब पीकर, तीन सवारी न चलें, होली त्योहार में कोई दुर्घटना न हो इस हेतु इसलिए वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से चेक किया जायेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी था वाहन भी जब्त किया जाएगा। होली पर्व में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। इस हेतु 20 पेट्रोलिंग वाहन एवं शहरी बड़े ग्रामों में फिक्स पिकेट से चौकसी की जाएगी।



## होली पर्व समरसता का प्रतीकः कौशिक



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में विधानसभा बिल्हा अंतर्गत ग्राम चकरभाठा बोदरी के विवाह भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में गीत संगीत का भी आनंद लिया गया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर श्री कौशिक ने समारोह में उपस्थित होकर होली के दोहे जश गीतों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश और दुनिया के किसी भी कोने में बसे सारे हिन्दुस्तानी होली का त्यौहार मनाते हैं। यह पर्व प्रेम और समरसता का प्रतीक है। अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए समाज और देश की तरक्की में हम योगदान करें, इसकी प्रेरणा होली से लेनी चाहिए। वहीं जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए हमें भाईचारे का साथ होली का त्योहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी सहित बड़ी संख्या में म कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित हुए।

## भाईचारे का रंग घोलने का पर्व है होली




**तखतपुर।** नॉर्थ ईस्टर्न पब्लिक स्कूल जरौंधा में होली उत्सव का त्यौहार मनाया गया। जिसमें समस्त कक्षा नर्सरी से लेकर 9वी कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।सभी ने हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया एवं सभी छात्र और छात्राएं बहुत ही खुश थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व चंदन कुमार दुबे डायरेक्टर ऑफ़ स्कूल नॉर्थ ईस्टर्न पब्लिक स्कूल एवं प्राचार्य रितेश प्रजापति की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन लुभान राजपूत ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक के साथ-साथ सभी स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदन कुमार दुबे ने कहा कि होली का पर्व एक उल्लास का पर्व है और यह लोगों के दिलों में भाईचारा प्रेम का रंग घोलता है।

## एनीकट में पानी नहीं, लोगों को हो रही निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

एनीकट में पानी नहीं होने से लोगों को निस्तारी की समस्या हो रही है साथ ही पानी का बहाव नही होने से कचड़ा एनीकट के पास ही एकत्रित हो गया है और बदबू आने लगी है।

नगर के मनियारी नदी पर बने एनीकट से क्षेत्र और नगर के अधिकांश लोगों की निस्तारी होती है खासकर इसकी उपयोगिता गर्मी के दिनों में और बढ़ जाती है। इस एनीकट पर पानी होने से पूरे क्षेत्र में जहां जल स्तर बना रहता है। नदी किनारे सब्जी की पैदावार करने वाली किसानों को पानी की समस्या नहीं होती है। मवेशियों को आसानी से पानी एनीकट पर पानी भर रहने से मिल जाता है। किसानों को सब्जी की पैदावार के लिए पानी की उपलब्धता सरलता से मिलती है और क्षेत्र के लोगों को सब्जी मिलते रहता है। इन दिनों मनियारी नदी पर बने इस एनीकट में पानी नहीं होने से निस्तारी की समस्या हो गई है। होली के पर्व पर एनीकट में पानी नहीं होने से लोगों को और दिक्कत होगी। यहीं एक नहाने के लिए सबसे अच्छा और सुलभ स्थान है। जहां पर लोग रंग गुलाल खेलने के बाद नहाने के लिए पहुंचते हैं। क्षेत्र सहित नगर के लोगों ने जल संसाधन विभाग से एनीकट में खुड़िया से पानी छोड़े जाने की मांग की है।



## संदिग्ध हालत में मिली ट्रक ड्रायवर की लाश

**पेंड्रा।** नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। शव मिलने की सूचना पर पेंड्रा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पेंड्रा थाना क्षेत्र में पेंड्रा-गौरेला मुख्य मार्ग पर बंद पड़े एचपी पेट्रोल पंप में शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने एक युवक का शव देखा। उन्होंने घटना की सूचना पर पेंड्रा पुलिस को दी। शव की शिनाख्त पेंड्रा आजाद चौक निवासी ओमप्रकाश जैतवार के रूप हुई जो कि पीडीएस का ट्रक ड्राइवर था। जिस जगह पर लाश मिली है वह पेट्रोल पंप काफी समय से बंद पड़ा है जहा अक्सर शराबखोरी होते रहने की शिकायतें थी। बंद पंप के कारण यहां अक्सर ट्रक और दूसरे वाहन खड़े रहते थे। इसी पंप से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर ही मृतक का घर भी है। सूचना मिलने पर पेंड्रा थाना प्रभारी नवीन बोरकर और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक के चेहरे में चोट के निशान होने पर हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक कि जेब से उसका पर्स और मोबाइल भी गायब है। होली त्यौहार क़े ठीक पहले घर का चिराग बुझ जाने के कारण मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी से साठ पाव देसी शराब जब्त

**सकरी।** सकरी पुलिस ने शनिवार को सफेद रंग की एसयूवी कार से 60 नग देसी प्लेन शराब पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक गाड़ी सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष की है, ड्राइवर चला रहा था। पुलिस ने शराब और गाड़ी जब्त कर कार चालक और सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज कर किया है। न्यायालय के आदेश पर कार चालक को जेल दाखिल कर गाड़ी मालिक सरपंच की पतासाजी की जा रही है।

**खास बात**

- सकरी बाइपास पर सफेद रंग की कार से बरामद की गई शराब, चालक गिरफ्तार

सकरी पुलिस से के मुताबिक शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली की एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से देसी शराब ले लाई जा रही है। सूचना पर सकरी पुलिस ने बाईपास चौक पर सफेद रंग की एसयूवी कार क्रमांक डीएल 12 सी ए 4971 को रूकवाया और जांच की। गाड़ी के अंदर 60 नग देसी प्लेन शराब मिली। वैधानिक दस्तावेज मांगने पर चालक कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। चालक ने पूछताछ में अपना नाम प्रदीप श्रीवास पिता लक्ष्मण श्रीवास उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मुरु थाना हिर्री बताया और गाड़ी प्रदेश सरपंच संघ के अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय का होना बताया। चालक ने सरपंच आदित्य उपाध्याय के कहने पर शराब ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी चालक से 60 पाव देसी शराब एवं गाड़ी जब्त कर चालक, सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुरु सरपंच आदित्य उपाध्याय के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क ) के तहत अपराध दर्ज कर चालक को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा और फरार सरपंच आदित्य उपाध्याय की पतासाजी में जुट गई।



**कई ठिकानों पर दी**

आबकारी अधिनियम के तहत करवाई करते हुए साठ पाव देसी शराब, एसयूवी गाड़ी और चालक को पकड़ा गया है। एक व्यक्ति थाने आकर कार्रवाई नहीं करने की मिन्नत कर रहा था लेकिन उसकी हमने नहीं सुनी और वो चला गया। उसके जाने के बाद पता चला कि वो ही आदित्य उपाध्याय है। बाद में उसे ढूंढा गया। उसके कई ठिकानों पर दबिश दी गई लेकिन वो नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**अभय सिंह बैस**
थाना प्रभारी सकरी

### जैन साधु-साध्वियों का नगर में हुआ भव्य स्वागत

## शूरवीरों का काम है पाप को स्वीकार करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर में शनिवार को जैन साधु-साध्वियों का नगर आगमन हुआ। जिनकी अगुवानी में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संतों का नगर प्रवेश धूमधाम से कराया गया।

जैन मुनि जयानंद मुनि के शिष्य मुनि गणिवर्य, मुनि विराग सागर महाराज, नंदिशेण मुनि, भव्य मुनि सहित साध्वी जयशिशु विरतियषा एवं जयशिशु विनम्रयशा का नगर आगमन उल्लासमय वातावरण में हुआ। पंडरिया मार्ग पर अजय कुमार रवि कुमार चोपड़ा के निवास स्थान पर जैन समाज के लोग एकत्र होकर गुरुजन की अगुवानी की।

शोभायात्रा प्रारंभ हुई। भक्ति गीतों एवं जयकारों के उद्घोष के साथ शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक, परमेश्वरी चौक, भगवान महावीर स्वामी चौक होते हुए सदर बाजार स्थित जैन मंदिर पहुंचकर पूर्ण हुई। जहां सामूहिक चैत्यवंदन एवं गुरुवंदन किया गया। स्थान-स्थान पर धर्मावलंबियों ने गुरुभगवंतों का अक्षत एवं श्रीफल से गहुंली कर स्वागत किया। केशरवृष्टि कर हर्ष व्यक्त करते गुरु को नमन किया गया। जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए तप चक्रवर्ती विराग मुनि महाराज ने कहा कि जिन शासन में एंट्री मिलना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यदि इसके महत्व को समझ लिए तो प्रमोशन ही होगा डिमोशन की कोई संभावना नहीं। मुनिश्री ने गौतम स्वामी एवं आचार्य हरिभद्र सूरि का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी एंट्री बहुत बाद में हुई किन्तु उन्हें समझ तुरन्त आया इसलिए आज दोनों गुरु हमारे आदर्श हैं। मुनिश्री विरागसागर ने आगे कहा कि जीवन में अपने द्वारा किए गए पापों को सच्चे मन से स्वीकार कर गुरु से प्रायश्चित्त लेना चाहिए क्योंकि पाप को स्वीकार करना शूरवीरों का काम है। मुनिश्री के सानिध्य में नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है।



जैन साध्वियों की अगुवाई करतीं श्रद्धालु महिलाएं।

## बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंसी

**कोरबा।** बांगो थाना के अधिन मोरगा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले कटघोरा अंबिकापुर एनएच 130 में ग्राम पंचायत केंदई के आश्रित मोहल्ला कावर पखना, हसदेव नदी ब्रिज बांगो डूबान के पास सुबह अंबिकापुर से कटघोरा की ओर जा रहे छत्तीसगढ़ बलौदा बाजार जिले के दो बसों में सवार 50 तीर्थयात्रियों ने दोपहर डूबान में स्नान कर भोजन, पश्चात क रवाना होने की तैयारी कर रहे थे तत्पश्चात पर्यटक वाहन माहामाया बस एवं श्रद्धा सुबरी बस के चालक ने वाहन को मोड़ते समय अपना नियंत्रण खो दिया था।



# 26 को आएगा बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर

**मुंबई।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इन दिनों काफी चर्चाओं में बनी हुई है। फैंस इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभी तक फिल्म का टीजर और गाने रिलीज किए जा चुके हैं, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब 'बड़े मियां छोटे मियां' के मेकर्स ने इसके ट्रेलर रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। वहीं, इसके प्रोडक्शन की जिम्मेदारी वासु भगनानी और जैकी भगनानी की कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट ने संभाली है। यह मूवी इस साल ईद के मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



लाइफ Style

# श्रद्धा

## प्यार को मिली परिवार से हरी झंडी

बॉलीवुड ब्यूटी श्रद्धा कपूर प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। उन्हें लेकर अक्सर कुछ न कुछ मीडिया में आता है। एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है उनकी शादी की चर्चा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा कपूर हमेशा चर्चा में रहती हैं। कभी अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से, तो कभी रिलेशनशिप की वजह से। बता दें कि लंबे समय से अभिनेत्री का नाम राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। अनंत और राधिका की प्री वेडिंग के लिए जाते वक्त भी एयरपोर्ट पर दोनों को एक साथ देखा गया था। दोनों के रिलेशन को लेकर कई बार बातें हो चुकी हैं। हालांकि, ऑफिशियल लेवल पर इन्होंने कुछ नहीं कहा। मगर अब दोनों के रिलेशन को लेकर खुलासा किया गया है। श्रद्धा और राहुल के बीच फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के सेट पर नजदीकियां बढ़ी थी। इसके बाद से ही इनकी नजदीकियों के चर्चे शुरू हो गए।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल और श्रद्धा अपने बॉन्ड को लेकर कन्फर्म हैं, इसलिए उन्होंने रिलेशनशिप को छिपाने की कोशिश नहीं की। यही कारण है कि दोनों को समय-समय पर साथ देखा गया है। बता दें कि अनंत और राधिका की प्री वेडिंग के लिए जब श्रद्धा कपूर जामनगर के लिए रवाना हुई थीं, तब वहां उन्होंने आदित्य रॉय कपूर को राहुल से मिलवाया था। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि श्रद्धा और राहुल काफी प्राइवेट पर्सन हैं। हालांकि, जिस तरह वह साथ में स्पॉट होने से थोड़ा घबरा जाते थे, अब ऐसा नहीं है।

# वैनेसा ने बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस वैनेसा हजेंस के घर जल्द ही नन्हें मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। जी हां, वैनेसा हजेंस कोल टकर संग अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। इससे पहले उन्होंने किसी को भी इस गुड न्यूज की भनक तक नहीं लगने दी थी। लुक की बात करें तो हसीना ने ब्लैक कलर का बॉडीकॉन गाउन पहना थे। ये गाउन फुल स्लीव का था, और बिल्कुल प्लेन था। बॉडीकॉन होने की वजह से इस गाउन में उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था, जो काफी क्यूट दिख रहा था। उन्होंने ग्लॉसी न्यूड मेकअप चुना था। डार्क आईमेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। एक्ट्रेस ने अपनी लिपस्टिक को भी काफी ग्लॉसी ही रखा था। लुक को ग्लैमरस बनाने के लिए उन्होंने आधे बालों की पोनीटेल बनाते हुए बालों को कर्ल किया था। इसके साथ ही लंबे नाखून, उंगलियों में अंगूठियां, कानों में ईयररिंग और गले में डायमंड का सेट उनके ऑल ब्लैक लुक को परफेक्ट बना रहा था। बता दें कि अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस वैनेसा हजेंस ने बीती साल ही दिसंबर में मेक्सिको के टुलम में मेजर लीग बेसबॉल आउटफील्डर कोल टकर से शादी की थी।



# अब भूमि करेंगी वेब सीरीज में डेब्यू

**मुंबई।** शुरुआत से अगर कलाकार अपने लिए सशक्त भूमिका तलाश ले तो उसे वैसा काम मिलने लगता है। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ भी ऐसा ही रहा है। भूमि अब वेबसीरीज में कदम रख रही हैं। अपनी पहली सीरीज 'दलदल' में वह पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि कहती हैं, मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं। खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी। भूमि ने आगे कहा, "वेब सीरीज 'दलदल' का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जोनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं।



# साइलेंस 2 का टीजर आया सामने

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की 'साइलेंस' का तीन साल बाद सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में अभिनेता की परफॉर्मेंस के अलावा फिल्म की सस्पेंस थ्रिलर कहानी भी खूब पसंद की गई थी। लंबे समय से फिल्म के सीक्वल का इंतजार हो रहा था। आखिरकार, अब फिल्म के दूसरे पार्ट का ऐलान कर दिया गया है। तीन साल बाद 'साइलेंसः कैन यू हियर इट?' का सीक्वल 'साइलेंस 2ः नाइट आउल बार शूटआउट' आ रहा है। एक बार फिर मनोज बाजपेयी एसीपी अविनाश बनकर क्रिमिनल्स के छक्के छुड़ाएंगे। शनिवार को फिल्म की अनाउंसमेंट एक शानदार वीडियो के जरिए की गई है। मनोज बाजपेयी ने 'साइलेंस 2' से एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है और अपना दमदार अवतार दिखाया है। वीडियो के साथ कैप्शन में मनोज ने लिखा, "क्रिमिनल्स को दोबारा साइलेंट करने, एसीपी अविनाश फिर से आ रहा है।

# क्रू की स्क्रिप्ट सुन कर कृति की छूटी थी हंसी

मुंबई। "क्रू" के ट्रेलर और गाने को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह कहा जा सकता है कि इस कमर्शियल फैमिली एंटरटेनर के आने के लिए इसने एक परफेक्ट टोन सेट किया है, साथ ही साथ इस चीज ने दर्शकों की उत्सुकता को भी फिल्म देखने के लिए बढ़ा दिया है। फिल्म की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है। क्रू वह फिल्म है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में ट्रेलर ने बिल्कुल साफ़ कर दिया है कि फिल्म दर्शकों के लिए बहुत सारा एंटरटेनमेंट लेकर आने वाली है, लेकिन कृति को फिल्म में लाने की कहानी और भी ज्यादा दिलचस्प है। कृति के ऑन बोर्ड आने की कहानी को शेयर करते हुए राइटर मेहुल सूरी और निधि मेहरा ने कहा है, कृति ने जब स्क्रिप्ट सुनी तो वह अपनी हंसी नहीं रोक पाईं, उन्हें यह बेहद मजेदार लगी। उन्हें यह इतनी पसंद आई कि उन्होंने पूरी कहानी सुने बिना ही तुरंत इस रोल के लिए हामी भर दी। उनके जेनुइन रिएक्शन ने साबित कर दिया कि स्क्रिप्ट वाकई कितनी मजेदार है।"



राजेश खन्ना ने अकेले करने पड़ी की गाने की शूटिंग

# 'मेरे सपनों की रानी' गाने की शूटिंग में मौजूद नहीं थीं शर्मिला, कैसे पूरा हुआ था गाना...

1969 में रिलीज हुई फिल्म 'आराधना' ने आते ही शोर मचा दिया था। शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना इस फिल्म के लीड थे। 'आराधना' की सफलता ने दोनों की लोकप्रियता में चार चांद लगा दिए। फिल्म का एक गाना था 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू', जो सुपरहिट रहा था। इस गाने का जादू आज भी बरकरार है।



**मुंबई।** 'आराधना' में शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना की जोड़ी का खूब पसंद किया गया। दोनों की केमिस्ट्री गाने 'मेरे सपनों की रानी' में भी देखने को मिली। इस फिल्म ने पहले से स्टार शर्मिला और राजेश को सुपरस्टार बना दिया। 'आराधना' के गाने 'मेरे सपनों की रानी' में राजेश खन्ना जीप की सवारी करते हुए नजर आते हैं। जहां उनके साथ सुजीत कुमार भी थे। वहीं, शर्मिला टैगोर ट्रेन में बैठी हुई थी। 'मेरे सपनों की रानी' की शूटिंग दार्जिलिंग के खूबसूरत लोकेशन पर हुई थी। इस गाने से जुड़ा सबसे हैरान करने वाली बात ये थी कि शूटिंग के दौरान शर्मिला टैगोर मौजूद नहीं थीं। जी हां काका ने 'आराधना' के इस गाने की शूटिंग अकेले की थी।

### राजेश के साथ नहीं थीं शर्मिला

शर्मिला ने इस बात का खुलासा खुद किया था। एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने बताया था, 'आराधना' के सुपरहिट गाने 'मेरे सपनों की रानी' की शूटिंग राजेश खन्ना को अकेले करनी पड़ी थी, क्योंकि उनकी डेट्स आपस में टकरा रही थी। काका ने गाने की शूटिंग दार्जिलिंग में अकेले की थी। वहीं, शर्मिला टैगोर ने अपने हिस्सा की शूटिंग रियर प्रोजेक्शन के जरिए मुंबई के स्टूडियो में की थी। बाद में राजेश खन्ना के साथ उनके सीन को साथ में एडिट कर 'मेरे सपनों की रानी' को तैयार किया गया था।

# राशि ने पूरी की द साबरमती रिपोर्ट की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपनी बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की शूटिंग पूरी कर ली है। राशि खन्ना ने फिल्म के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ लिखा "एंड इट्स ए रैप फ़ॉर, जहां हमने कुछ सच्चाइयों और डेडलाइंस का पीछा किया। यहां कहानियों की ताकत और आवाजें हैं, जिन्हें सुनने की जरूरत है। इस कहानी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती साथ ही, बेहद आभारी हूं इस डेडिकेटेड और बेहतरीन टीम के साथ काम करने का मौका मिला। 'साबरमती रिपोर्ट' 27 फरवरी 2002 की सुबह गुजरात राज्य के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में हुई घटनाओं की कहानी बताती है। यह फिल्म राशि को बिल्कुल नए अवतार में दिखाएगी। एक्ट्रेस, जिन्होंने अपनी हालिया रिलीज 'योद्धा' के साथ अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया है।

# शैतान बनी अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म



**मुंबई।** अजय देवगन और आर. माधवन की हालिया आई फिल्म शैतान ने हर किसी का दिल जीता हुआ है और फिल्म ने कई सारे रिकॉर्ड अपने नमा किए हैं। ये फिल्म साल 2024 की सुपरहिट फिल्म बन चुकी है और साथ ही इसने कई सारे अपने रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। शैतान के कमाई की बात करें तो फिल्म ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ साल 2024 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं अगर रिपोर्ट मानें तो शैतान ने अपने 14वें दिन की कमाई के साथ ही दुनियाभर में 162 करोड़ तक का कलेक्शन कर लिया है। शैतान की कमाई के जरिए अजय देवगन ने भी अपनी कई सारी फिल्मों को पछाड़ दिया है और अब तक उन्होंने 'दे दे प्यार दे' (103.64 करोड़), 'रेड' (103.07 करोड़), 'सन ऑफ सरदार' (105.03 करोड़), 'बोल बच्चन' (102.94 करोड़), 'सिंघम' (100.30) और 'गोलमाल 3' (106.34) जैसी हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्श को मात दे दी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र.-----/अ-6/2023-24

पक्षकार सालिक राम राजपूत पिता स्व. कुंजराम राजपूत वगैरह आवेदकगण

बनाम

रामनाथ सिंह राजपूत पिता स्व. कुंजराम राजपूत वगैरह अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सालिक राम राजपूत पिता/पति स्व. कुंजराम राजपूत निवासी गंगा नगर सेक्टर-2 मंगला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः/अधिवक्ता के माध्यम से नगर बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज स्थित शीट नंबर 29 प्लाट नंबर 25/16 क्षेत्रफल (रकबा) 3081 वर्गफीट नजूल भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण दर्ज कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/4/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनॉक 22/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/सीमांकन/रा.नि./2024
जूना बिलासपुर, दिनांक 23/02/2024

प्रति,
› विद्या शर्मा / हरिप्रसाद शर्मा (आवेदक)
› संध्या शर्मा › लक्ष्मण नवरंग › भदोरिया › अर्जुन सिदारा › सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह. / वा./ 23 दिनांक 16/02/2023

ग्राम - तोरवा, प.ह.न.- 37, रा.नि.म. - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 1291/2 रकबा 0.040 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु विद्या शर्मा (9770641997) पिता/पति हरिप्रसाद शर्मा जाति- ब्राह्मण, निवासी टिकरापारा के द्वारा न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/03/2024 को समय 10:00am से 5:00pm किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

टीप:- आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(अशोक कुमार सोनी)
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा जरहाभाठा प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. व तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित अनुबंधित व आवासीय भूमि जिसका खसरा नं. 96/3 में से रकबा 1064 वर्गफुट भूमि अनुबंधकर्ता श्री वीरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. तुलसी राम सूर्यवंशी, निवासी राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा, बिलासपुर छ.ग. से मैं भागवत जायसवाल पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद जायसवाल एम.आई.जी.-66, नेहरू नगर बिलासपुर छ.ग. निवासी द्वारा अग्रिम राशि बतौर भूमि अनुबंधकर्ता वीरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी प्राप्त कर चुके है एवं अतिशीघ्र निकट भविष्य में क्रेता भागवत जायसवाल के पक्ष में उक्त खसरा रकबा की भूमि का पंजीयन होनी है।

उपरोक्त अनुबंधित भूमि के पंजीयन के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था अथवा निकाय/कार्यालय को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर क्रेता भागवत जायसवाल के कार्यालय/निवास/ मो.नं. में अनिवार्य रूप से आपत्ति प्रस्तुत कर देवेंगे यदि उक्त समयावधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी। सो सूचना जानिये।

बिलासपुर दिनांक 24/03/2024

भवदीय
भागवत जायसवाल
एम.आई.जी.-66, नेहरू नगर
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
मो.नं. 94255 35577, 98271 15110

**ईश्तहार / आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा 1. ओमप्रकाश सोनी, उम्र 59 वर्ष, पिता स्व. हरिराम, जाति सोनार, 2. श्रीमती गनेशिया सोनी, उम्र 58 वर्ष, पति ओमप्रकाश सोनी, जाति सोनार, निवासी मुर्गीवाली गली मामा-भांजा तालाब के पास, टिकरापारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हैं मौजा टिकरापारा मामा-भांजा तालाब के पास तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. में एक मकान मेरी पत्नी श्रीमती गनेशिया बाई के नाम पर दर्ज है। उक्त मकान का हम स्वयं के अर्जित आय से क्रय कर निर्माण किये है। एवं मौजा सोढ़ा खुर्द तहसील बेलगहना जिला बिलासपुर में मेरे स्वयं के नाम पर लगभग 1.50 एकड़ कृषि भूमि है जो मुझे अपने पिता से विरासतन हक में प्राप्त हुई है। यह कि मौजा सोढ़ा खुर्द तहसील बेलगहना जिला बिलासपुर में लगभग 1 एकड़ कृषि भूमि मेरी पत्नी श्रीमती गनेशिया बाई के नाम पर दर्ज है। जो मेरे पत्नी के द्वारा स्वअर्जित भूमि है। मेरे मुवक्किल के पुत्र रनवीर सोनी उर्फ गोपी सोनी उम्र 35 वर्ष जो कि 3-4 वर्ष पूर्व से मेरे पास आना जाना बंद है व हमारा देख-रेख नहीं करता है और मेरा उससे कोई संबंध नहीं है।

यह कि मेरे मुवक्किल के द्वारा पुत्र रनवीर सोनी का ग्राम सोढ़ा खुर्द स्थित कृषि भूमि एवं मौजा टिकरापारा स्थित मकान में किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हक, हिस्सा अधिकार नहीं है। मैं एवं मेरी पत्नी अपने पुत्र रनवीर सोनी को अपनी उक्त सम्पत्ति से बेदखल करते है एवं उसके ऊपर न्यायालय द्वारा व किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय में किसी प्रकार का लेन देन होने पर मेरे पुत्र हमरा पुत्र रनवीर सोनी उर्फ गोपी सोनी स्वतः जिम्मेदार होगा।

उक्त भूमि सम्पत्ति से मुवक्किल के द्वारा अपने पुत्र को बेदखल करने के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, या अन्य कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर तक समस्त मय दस्तावेज सहित मेरे निवास पहुंचकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

दिनांक 23.03.2024

हस्ताक्षर वास्ते अधिवक्ता
भोला प्रसाद कश्यप
मिलन चौक के पास, गली नंबर 2
कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 88895-90429

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, बिलासपुर (छ.ग.)**

पीठासीन अधिकारी (श्रीमती मनीषा ठाकुर)

श्रीमती अंशुला केशरवानी व अन्य .......
वादी/आवेदिकागण

विरूद्ध

आम जनता वगैरह ...........
प्रतिवादीगण / अनावेदकगण
उत्तराधि. प्र. क्र. :- 03/2024
पेशी दिनांक :- 05.04.2024
आदेश दिनांक :- 04.03.2024
प्रोसेस नंबर :- 49

प्रति,
1 आम जनता जिसके संबंध में हो।

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती अंशुला केशरवानी एवं कु. एंजल केशरवानी पति/पिता स्व. अजय केशरवानी, दोनो निवासी म.नं. एच-2/105, नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के अंतर्गत आवेदन पत्र अपने पति/पिता स्व. अजय केशरवानी की मृत्यु हो जाने के पश्चात उनकी विवाहित पत्नी/पुत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में आम जनता जो भी इससे संबंधित हो उनके लिये राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

उपरोक्त के संबंध में किसी भी आमजन को कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकारी के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 05.04.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक 04.03.2024 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 05.04.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 21/03/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मनीषा ठाकुर)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वर्ग-1, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## कर रहे थे रेव पार्टी पुलिस ने कराया बंद

**बिलासपुर।** होली के दो दिन पहले बिना अनुमति के होटल पेट्रिशियन में करीब 50 युवक युवतियां रेव पार्टी कर रही हैं। पुलिस होटल में पहुंची तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में युवक युवतियों भाग निकले। पुलिस ने पार्टी बंद करा दी है। होटल के मैनेजर नहीं मिला तो दो कर्मचारियों को थाने में बैठा दिया गया है।सिरगिट्टी टीआई भारती मरकाम ने बताया, रविवार की शाम 6 बजे सूचना मिली कि होटल पेट्रिशियन में करीब 50 युवक युवतियां एकत्रित होकर होली रेव पार्टी कर रहे हैं। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिरगिट्टी पुलिस ने होटल में दबिश दी। पुलिस को देखकर होटल में हड़कंप मच गया और रेव पार्टी मना रहे युवक युवती भाग खड़े हुए। पुलिस ने पार्टी बंद करा दी है। होटल में पार्टी मनाने की प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए पुलिस ने होटल के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई है। होटल के मैनेजर के नहीं मिलने पर सर्विस देने वाले दो कर्मचारियों को थाने ले जाकर बैठा दिया गया है। देर रात तक मामले में कार्रवाई नहीं हुई थी।

## लड़ाई झगड़ा करते 4 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने लड़ाई झगड़ा करने वाले 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली शनिचरी बाजार व खपरगंज में



युवकों के द्वारा लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाई जा रही है। पुलिस ने दोनों जगहों में तत्काल पहुंचकर विवाद करने वाले धनेश्वर गोंड़ पिता तेजूराम गोंड 26 साल हर्ष श्रृंगार कालोनी सरकण्डा, मुन्ना कश्यप पिता लाला कश्यप 23 साल तेलीपारा, आयुष वाल्मिकी पिता कैलाश वाल्मिकी 20 साल निखिल आश्रम अटल अवास सरकण्डा, हर्ष नाहर पिता बल्लू नाहर 20 साल बहतराई अटल आवास निवासी को पकड़ लिया है। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## शहर की 22 टंकियों को जोड़ने का काम पूरा

# शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी से जुड़ गई अमृत मिशन की पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन योजनान्तर्गत शहर के सबसे बड़ी कुदुदण्ड स्थित पानी टंकी से पाइप लाइन इंटरकनेक्शन का काम व टेस्टिंग सफल रहा है। शहर की सभी 22 पानी टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से जोड़ने अमृत मिशन एवं नगर निगम की टीम युद्ध स्तर पर जुटी हुई थी, जो अब कुदुदण्ड टंकी के कनेक्शन के बाद पूरा हो गया है। इन टंकियों के माध्यम से ही अमृत मिशन का पानी शहर के 37 हजार घरों तक पहुंचेगा।

शहर की टंकियों को अमृत मिशन से जोड़ने नगर निगम की टीम युद्ध स्तर पर जुटी जिस पर शनिवार को कुदुदण्ड पानी टंकी से इंटरकनेक्शन करते ही मिशन पर कामयाबी मिली है, क्योंकि इसके पूर्व भी दो माह पहले एक बार इंटरकनेक्शन का प्रयास हुआ था, वह सफल नहीं हो पाया था। कनेक्शन जोड़ने के बाद शनिवार शाम को इसकी टेस्टिंग भी की गई, जिसमें निर्बाध रूप से पानी टंकी में पहुंचा। इस दौरान कुदुदण्ड, चांटापारा एरिया में तो पानी मिलता रहा, किन्तु कुदुदण्ड से सप्लाई वाले बाकी क्षेत्रों में पानी सप्लाई बाधित रही। इससे लोग पानी के लिए परेशान भी हुए, हांलाकि नगर निगम की ओर से टेंकर के जरिए पानी सप्लाई की गई। रात में टंकी को भरा जाएगा, उसके बाद रविवार सुबह से पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी। शहर के 22 टंकियों के अमृत मिशन से जुड़ जाने से बिलासपुर के सभी क्षेत्रों में अमृत मिशन तहत पानी मिलने लगेगा। इससे पहले 5 सितंबर को सरकंडा क्षेत्र के 7 हजार घरों तक अमृत मिशन का पानी पहुंचाने टेस्टिंग हुई थी। खूंटाघाट बांध से शहर के 37 हजार घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने की बिलासपुर शहर की महत्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन का अंतिम चुनौतीपूर्ण कार्य अब लगभग समाप्त हो गया है। शहर में उपयोग करने के लिए भू-जल आधारित पानी सप्लाई के विकल्प में खूंटाघाट बांध के जरिए पानी घरों तक पहुंचाने की केन्द्र शासन की अमृत मिशन योजना तहत बिलासपुर में सन 2017 से 301 करोड़ की लागत से नगर निगम द्वारा काम प्रारंभ किया गया था। शुरुआत में अशोकनगर बिरकोना में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया और खूंटाघाट बांध से ट्रीटमेंट प्लांट तक 27 किमी पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया। शहर के 37 हजार घरों तक पानी सप्लाई के लिए शहर के अंदर भी पाइप लाइन और कनेक्शन देने का काम भी पूरा किया गया। अशोकनगर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में 2090 केएल और 4680 केएल क्षमता के दो पानी टंकी एमबीआर बनाए गए हैं, जहां सबसे पहले पानी पहुंचता है। उसके बाद बांध से आए पानी का ट्रीटमेंट कर शहर के टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जा रहा है।



### होगी बिजली की बचत

अमृत मिशन योजना के तहत शहर के 37 हजार घरों में खूंटाघाट बांध का पानी पहुंचेगा। इसके लिए शहर को 31 एमसीएम पानी की जरूरत है, जिसकी आपूर्ति खूंटाघाट बांध से की जाएगी। सितंबर माह से सरकंडा क्षेत्र में पहले से ही अमृत मिशन से पानी की सप्लाई जारी है। अब नदी के इस पार भी अमृत मिशन का पानी मिलेगा। अमृत मिशन से जोड़ने के लिए बची हुई 16 टंकियों में कनेक्शन देने के लिए निगम के जल विभाग और अमृत मिशन की टीम इस पूरे महीने जुटी रही। पूरे शहर में अमृत मिशन से पानी सप्लाई होने पर अब बोर के जरिए टंकी को नहीं भरना पड़ेगा, जिससे 72 एमएलडी पानी की बचत होगी। इसके अलावा निगम को सालाना एक से डेढ़ करोड़ रुपए तक की बिजली भी बचत होगी।

### कनेक्शन सफल होगी सप्लाई

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि अमृत मिशन से कनेक्ट होने के लिए शहर की 22 टंकियां शेष थी, जिसे मिशन मोड में करते हुए इस महीने भर में जोड़ा गया है। अब सभी टंकियों के जुड़ जाने से पूरे शहर में अमृत मिशन का पानी पहुंचाया जा सकेगा। इस लक्ष्य को पूरा करने वाली टीम के सभी सदस्यों को और शहरवासियों को बधाई दी है।

**पत्नी-बच्चों ने किया फर्जीवाड़ा, जुर्म दर्ज**

# पति का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवा कराया नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मंगला स्थित 69 डिस्मिल जमीन अपने नाम कर लिया

जिंदा पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन का नामांतरण कराने वाली पत्नी व बच्चों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा निवासी मोहन धूरी ने रिपोर्ट लिखाई, वे दीपका में रहकर काम करते हैं। बीच बीच में अपने घर धूरीपारा आते रहते हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी तीजमत बाई , बेटा विनोद, बेटी रूखमणी ने बड़ी बेटी रंजीता का फर्जी हस्ताक्षर कर उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया है। उसके सहारे उन्होंने मंगला स्थित 69 डिस्मिल जमीन का नामांतरण अपने नाम पर करा लिया है। उन्होंने पहले ही अपनी चार डिस्मिल जमीन दूसरे को बेच दी थी। खरीददार नामांतरण कराने तहसील कार्यालय गया तब फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। उन्होंने तहसील से जमीन के दस्तावेज निकलवा कर घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पत्नी तीजमत बाई, बेटा विनोद, बेटी रूखमणी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गांव के लोगों ने दी फर्जी गवाही

पीड़ित ने पुलिस को बताया है वह दीपका में रहकर काम कर रहा है। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को थी। इसके बाद भी आसपास में रहने वाले मुन्नीलाल यादव, राजकुमार धूरी, रामायण धूरी ने तहसील कार्यालय में झूठी गवाही दी है। उनकी गवाही व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर तहसीलदार ने नामांतरण आदेश पारित किया है। आदेश पर पटवारी ने जमीन का नामांतरण उनकी पत्नी, बेटा, बेटी के नाम पर किया है। उन्होंने गवाहों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है।

# ब्लैक स्पॉट: एसपी ने बैठक लेकर निर्माण एजेंसी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ संेदरी ब्लैक स्पाट पर दुर्घटना में छात्रा की हुई थी मौत

एसपी ने सेंदरी ब्लैक स्पॉट में छात्रा की मौत व एक छात्र घायल होने के मामले में निर्माण एजेंसी की आपात बैठक लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने तत्काल मौके पर जाकर वैकल्पिक व्यवस्था करने का आदेश दिया है।

एसपी रजनेश सिंह ने 22 मार्च की सुबह सेंदरी ब्लैक स्पॉट में छात्रा की मौत व छात्र के घायल होने के मामले को गंभीरता से लिया है। शनिवार को उन्होंने निमार्ण एजेंसी व यातायात विभाग के अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। पूर्व से ही घटनास्थल को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया था और जिले का चार्ज लेने के बाद एसपी श्री सिंह द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया था। संबंधित स्थल पर मार्ग निर्माण में कुछ तकनीकी त्रुटि नजर आने पर उनके निर्देश पर निर्माण एजेंसी को सुधार एवं सुरक्षा के उपाय करने के निर्देश दिए गए थे। उसके बाद भी सुधार कार्य नहीं करने पर निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को एसपी ने जमकर फटकार लगाई है। इस स्थान पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने तत्काल कारगर उपाय किए जाने की हिदायत दी गई है। उनके द्वारा जिले के सभी ब्लैक स्पॉट की फाइल का सूक्ष्म अवलोकन किया गया है। एसपी श्री सिंह ने संबंधितों को आज ही



मौके पर पहुंचकर सड़क दुर्घटना को राकने वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस दौरान निर्माण एजेंसी एनएचएआई प्रबंधक तकनीकी राजेश्वर सूर्यवंशी, इंजीनियर गौरव शुक्ला, इंजीनियर विमल शर्मा, अदानी ग्रुप के प्रोजेक्ट मैनेजर सुकांता बसक, पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी संतोष भगत, इंजीनियर लक्ष्मीकांत कश्यप, यातयात एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर, डीएसपी संजय साहू, एसआई उमाशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

### लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा

एसपी श्री सिंह ने इंजीयरिंग की छात्रा की मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक अपूर्णीय क्षति है। हम सब का दायित्व है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हो साथ ही इस प्रकरण की बारीकी से हर पहलू पर जांच की जाएगी। जांच में किसी एजेंसी को दोषी पाए जाने पर उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

## 12 वीं की छात्रा ने खाया जहर, मौत

**बिलासपुर।** ओपन कक्षा बारहवीं की परीक्षा देने के बाद घर लौटते समय छात्रा ने जहर खा लिया। घर पहुंचने पर उसकी हालत खराब होने पर परिजन को जानकारी हुई। परिजन ने उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अटल आवास निवासी कल्पना गन्धर्व पिता छोटेलाल 18 साल ओपन कक्षा बारहवीं की परीक्षा दे रही थी। परीक्षा के दौरान पढ़ाई करने के लिए सरकण्डा माता चौरा चचेरी बहन के घर आ गई। 21 मार्च को वह परीक्षा देने के लिए राजेंन्द्रनगर शासकीय स्कूल गई है। परीक्षा देने के बाद घर लौटते समय रास्ते में उसने जहर खा लिया। चचेरी बहन के घर पहुंची तो उसकी तबियत अत्यधिक खराब हो गई और वह उल्टी करने लगी। पूछताछ करने पर उसने चूहामार पावडर खाने की जानकारी दी। आनन फानन में परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 22 मार्च की रात 1.15 बजे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। सुसाइड नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### जांच की जा रही

परीक्षा देने के बाद लौटते छात्रा ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने शिकायत की है,उस पहलू पर भी जांच की जाएगी।

**-रोशन आहूजा**, प्रशिक्षु डीएसपी, थाना प्रभारी सरकण्डा

## बस स्टॉप पर ऑटो और ठेले वालों का कब्जा




**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड चौक पर बने बस स्टॉप पर ऑटो और ठेले वालों ने कब्जा कर लिया है। बस स्टॉप के सामने ही ठेले वाले अपनी दुकान सजा लेते हैं, वहीं ऑटो वालों का भी दिनभर वहां जमावड़ा लगा रहता है। हालात ये हैं कि यात्रियों का बस स्टॉप तक पहुंच पाना भी मुश्किल होता है, क्योंकि वहां तक पहुंचने के लिए भी ऑटो और ठेले वाले जगह नहीं छोड़ते। ऐसा नहीं है कि यहां यातायात पुलिस तैनात नहीं रहती है। ये सब उनकी मौजूदगी में होता है। कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से यहां चाट, गुपचुप के ठेले सहित अन्य दुकानें भी सज रही हैं और लोगों को परेशानी हो रही है।

## ट्रेन में यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेन में यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले युवक को जीआरपी ने पकड़ लिया है। उसके पास से चोरी के 6 मोबाइल जब्त किए गए हैं।ट्रेन में चेकिंग के दौरान जीआरपी ने संदिग्ध रूप से दिखाई दे रहे एक युवक को पकड़कर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके पास से 6 नग मोबाइल मिला। कड़ाई बरतने पर उसने ट्रेन में यात्रियों के द्वारा चार्जिंग में लगाने पर उसके द्वारा चोरी करना बताया।
पकड़ा युवक बलराम सहिस पिता जितेन्द्र सहिस 19 साल मेहदीपारा चांपा का रहने वाला है। जीआरपी ने मोबाइल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।













